(ख) यदि हां, तो कितना और किन शर्तों पर ; और

(ग) यह परियोजना कहां पर स्थापित की जा रही है और यह कब तक तैयार हो जायेगी ?

विधि और न्याय तथा पेट्रोलियम और रसायन मन्त्री (श्री एच० आर० गोखले) : (क) और (ख). यू० के०/भारत मिश्रित प्रायोजना ऋण में से मदरर्न पेट्रो-केमिकल इंडस्ट्रीज कारपोरेशन लि० मद्रास को उनके उर्वरक प्रायोजना के अमोनिया प्लाट की लागत के लिए 7740000 तक की विदेशी मुद्रा का नियतन किया गया है। यह ऋण ब्रिटिश सरकार से भारत सरकार को है और केवल विदेशी मुद्रा की सुविधाएं कम्पनी को उपलब्ध होंगी। उपलब्ध निधि का प्रयोग इंग्लैंड में बने यत्रों की स्टर्लिंग लागत एवं यू० के० से प्राप्त की गई सेवाओं के लिए किया जायेगा। ब्रिटिश ठेकेदारों की अदायगी उक्त ऋण में से कम्पनी द्वारा बैंक आफ लन्दन मे अपरिवर्तनीय विश्वास पत्र खोल कर की जायेंगी।

(ग) उर्वरक प्रायोजना तमिलनाडु मे तूतीकोरिन में स्थापित की जा रही है और 1974-75 में इसमें उत्पादन शुरू होने की आशा है।

दिल्ली में सरकारी होटलों में हिन्दी की पत्र-पत्रिकाओं का प्रबन्ध

4371. **डा० संकटा प्रसाद** : क्या **पर्यटन और नागर विमानन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या दिल्ली स्थित सरकारी होटलों में हिन्दी की पत्र-पत्रिकाओं का प्रबन्ध नहीं होता है ; और

(ख) यदि हां, तो इसका क्या कारण है ?

पर्यटन और नागर विमानन मंत्री (डा० कर्ण सिंह) : (क) और (ख). दिल्ली में भारत पर्यटन विकास निगम द्वारा संचालित होटल अतिथियों को अंग्रेजी के दैनिक समाचार-पत्र निःशुल्क देते हैं। जब कभी किसी अतिथि की माग होती हैं, तो एक हिन्दी समाचार-पत्र भी उसे निःशुल्क उपलब्ध कराया जाता है। इसके अलावा, होटलों में लाइसेंस-प्राप्त किताबों की दुकानों पर हिन्दी तथा अंग्रेजी की पत्र-पत्रिकाएं बिक्री के लिये उपलब्ध होती है।

भारत में पाकिस्तानी युद्धबन्दियों पर व्यय

4372. **श्री हुकम चन्द कछवाय** :
श्री अम्बेश :

क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि पिछले भारत-पाक युद्ध मे भारत के प्रति आत्म-समर्पण करने वाले पाकिस्तानी युद्ध बन्दियों के भोजन, आवास और जेब-खर्च पर, अलग-अलग, 31 मार्च, 1972 तक कितना व्यय हुआ ?

रक्षा मन्त्री (श्री जगजीवन राम) :

	लाख रुपये में
भोजन	223.73
आवास	16.68
जेब-खर्च	42.14
कुल	282.55

उत्कृष्ट लड़ाकू विमानों के निर्माण की योजना

4373. **श्री हुकम चन्द कछवाय** : क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्कृष्ट लड़ाकू विमानों के निर्माण और मौजूदा लड़ाकू विमानों प्रहारक शक्ति में वृद्धि करने की कोई योजना सरकार के विचाराधीन है ; और

(ख) यदि हां, तो इस मामले की वर्तमान स्थिति क्या है ?